कार्यालयः उ0प्र0, लोक सेवा आयोग,
संख्या–256/7/ई–2/2018–2019
प्रयागराजः दिनांक 11 जनवरी, 2019

विज्ञप्ति

उ0प्र0 न्यायिक सेवा सिविल जज (जू.डि.) (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2018 में सफल घोषित अभ्यर्थियों की मुख्य परीक्षा निम्नांकित कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगी । यह परीक्षा परम्परागत प्रकार की होगी ।

परीक्षा की तिथि	प्रथम सत्र	द्वितीय सत्र
	प्रातः 9:30 बजे से 12:30 बजे तक	सायं 2:.00 बजे से 5:00 बजे तक
30 जनवरी, 2019 (बुधवार)	सामान्य ज्ञान	—
31 जनवरी, 2019 (वृहस्पतिवार)	भाषा	विधि प्रथम प्रश्न–पत्र (मौलिक विधि)
01 फरवरी, 2019 (शुक्रवार)	विधि द्वितीय प्रश्न–पत्र(प्रक्रिया एवं साक्ष्य)	विधि तृतीय प्रश्न–पत्र(दाण्डिक, राजस्व और स्थानीय विधियाँ)

2–अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर "Candidate Segment" में "Fill online details for U.P. JUDICIAL SERVICE CIVIL JUDGE (JUNIOR DIVISION) (MAINS) EXAMINATION-2018" पर Click करके आवश्यक सूचनाएं ऑनलाइन फार्मेट पर भरनी होगी। ऑनलाइन फार्मेट भरने से पूर्व "SAMPLE SNAPSHOTS" के आधार पर पूरी प्रकिया की जानकारी प्राप्त करने के उपरान्त ऑनलाइन फार्मेट भरें। सर्वप्रथम Registration no. & Basic Details (जन्म तिथि, लिंग, निवास, श्रेणी इत्यादि) दें। निर्देशों एवं प्रकिया का भली–भाँति अध्ययन करने के उपरान्त उसका पालन करते हुए प्रत्येक स्तर पर ऑनलाइन सूचनाएं भरकर पूर्ण संतुष्ट होकर "SAVE" कर लें । प्रदर्शित फॉर्मेट पर विकल्प प्रयागराज अथवा लखनऊ में से वांछित केन्द्र को सेलेक्ट (Select) करना होगा । तत्पश्चात् मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा करने हेतु "Click here to payment the required fee for Main Examination" को Click करें । इसके पश्चात् S.B.I. MOPS का पेज प्रदर्शित होगा, जिसमें भुगतान हेतु निम्न विकल्प उपलब्ध होंगेः–

(1) S.B.I. MOPS के Portal से S.B.I. अथवा 55 अन्य बैंकों में से किसी एक बैंक का चयन करना होगा ।
(2) चयन किए गए बैंक के द्वारा Debit/Credit/Net Banking के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।
(3) उपरोक्त बिन्दु–2 की सुविधा न होने पर S.B.I. का ई–चालान मुद्रित करके नगद भुगतान द्वारा भी परीक्षा शुल्क जमा किया जा सकता है । अथवा,
(4) मोबाइल बैंकिंग द्वारा 'Buddy' के माध्यम से ।

सभी स्तरों पर आनलाइन सूचनाएं भरने के पश्चात् "SUBMIT" कर दें। आनलाइन "SUBMIT" किये गये फार्म सेट को मुद्रित कर लें। आनलाइन फार्म सेट "SUBMIT" करने के उपरान्त आयोग द्वारा निर्धारित समय में ही अभ्यर्थियों को यदि कोई त्रुटि प्रकाश में आती है तो उसके संशोधन हेतु केवल एक बार संशोधन (Edit) आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर प्रदर्शित विकल्प "Click here to Modify details after Submission for U.P. JUDICIAL SERVICE CIVIL JUDGE (JUNIOR DIVISION) (MAINS) EXAMINATION-2018" पर क्लिक करके कर सकते हैं । उपरोक्त प्रक्रिया दिनांक 18.01.2019 तक सही–सही एवं

सावधानीपूर्वक भरना सुनिश्चित करें । इसके अतिरिक्त जाति प्रमाण–पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों का प्रमाण–पत्र, विकलांगता का प्रमाण–पत्र, भू.पू.सै. का प्रमाण–पत्र के प्रारूप की PDF File वेबसाइट पर उपलब्ध है।

3–ऑनलाइन भरे गये फार्म सेट (आवेदन–पत्र) को मुद्रित करके उसके साथ समस्त संलग्नकों (प्रत्येक वर्ष की अंक तालिकाओं, उपाधियों तथा अन्य सभी दावों से सम्बन्धित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियॉ) सहित एक लिफाफे में भरकर तथा उक्त लिफाफे पर मुद्रित पता पर्ची (Address Slip) चस्पा कर दिनांक 28.01.2019 को 5:00 बजे अपराह्न तक अथवा उसके पूर्व सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, (परीक्षा अनुभाग–3), 10–कस्तूरबा गांधी मार्ग, प्रयागराज, पिन कोड नं.–211018 को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से आयोग के गेट संख्या–3 पर स्थित डाक अनुभाग के काउन्टर (पूछ–ताछ काउन्टर) पर अवश्य उपलब्ध करा दें। उक्त अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

4–प्रश्नगत परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं श्रेणीवार कट–ऑफ अंक आयोग की वेबसाइट "http://uppsc.up.nic.in" पर दिनांक 11.01.2019 से दिनांक 21.01.2019 तक उपलब्ध रहेंगे। अतः वांछित सूचना भरकर अभ्यर्थीगण प्राप्तांक एवं श्रेणीवार कट–ऑफ अंक देख/प्राप्त कर सकते हैं । अतः इस संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत पृथक से प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।

(जगदीश)
सचिव